बाहर से आने वाले व्यक्तियों की कोविड जांच, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर लिया जायजा

भिलाई नगर/ बाहर से आने वाले व्यक्तियों की कोविड- 19 जांच की जा रही है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहूंचकर कोविड जांच का जायजा लिया। उन्होंने प्रतिदिन टेस्टिंग की संख्या के बारे में जानकारी ली। ट्रेन से उतरते ही किस प्रकार से लोगों की कोविड जांच की जाती है इसके बारे में उन्होंने कोविड जांच टीम को पूछा। टेस्टिंग टीम ने जानकारी देते हूए बताया कि ट्रेन से उतरते ही ड्यूटी में नियुक्त सुरक्षाकर्मी उन्हें लाइन लगाकर बारी-बारी से टेस्टिंग करवाने में सहायता करते हैं। ताकि टेस्टिंग आसानी से हो सके। निगमायुक्त सर्वे ने टीम को निर्देश दिए कि जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति पॉजिटिव पाया जाता है तो उन्हें फौरन दवाइयां उपलब्ध करावे। इसके लिए दवाइयों की पर्याप्त मात्रा अपने साथ जरूर रखें। आयुक्त ने रेलवे स्टेशन में बाहर से आने वाले सभी व्यक्तियों की कोविड जांच सुनिश्चित हो सके इसके लिए सुरक्षाकर्मियों को मुस्तैदी से इसके लिए कार्य करने कहा। सीपीएम तुषार वर्मा ने जानकारी देते हूए बताया कि आज कोसानगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 42 लोगों ने कोविड जांच कराया जिसमें एंटीजन के 22 और टू नॉट के 20 व्यक्ति शामिल है , बैकुंठधाम शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 59 लोगों ने जांच कराया जिसमें से एंटीजन के 30 और टू नॉट के 29 व्यक्ति शामिल है, खुर्सीपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 27 कोविड जांच हूई सभी के एंटीजन टेस्ट हूए, जूनवानी, स्मृति नगर, खुर्सीपार में भी काफी टेस्ट हूए , सेक्टर 1 से लेकर हूडको में 50 एंटीजन और 50 टू नॉट जांच की गई तथा पावर हाउस रेलवे स्टेशन में 119 लोगों की कोविड जांच की गई। इन सभी में से पावर हाउस रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया। जिसे टीम ने फौरन दवाई उपलब्ध कराया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल लगातार कोविड कंट्रोल को लेकर अधिकारियों से दूरभाष के जरिए संपर्क में है। कोविड कंट्रोल के लिए उन्होंने टेस्टिंग , ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन पर जोर दिया है।